भारत सरकार **राज्य सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं0 1884**

दिनांक 29 अगस्त, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

निर्यात मूल्यों में वृद्धि

†1884 श्री रवि शंकर प्रसादः क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में गत वर्षों से निर्यात मूल्य में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है;

(ख) यदि हाँ, तो वर्ष 2008-09 एवं 2011-12 में अलग-अलग देश से कुल कितने मूल्य का निर्यात हुआ था;

(ग) क्या देश में निर्यातकों को आवश्यक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी तथ्य क्या हैं और क्या यह सच है कि निर्यात क्षेत्र में ऋण की उपलब्धता कम हो रही है ?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) जी, हाँ ।

(ख) 2008-09 और 2011-12 के दौरान निर्यातों के मूल्य क्रमशः 185.3 बिलियन अमरीकी डॉलर और 304.6 बिलियन अमरीकी डॉलर रहे ।

(ग) जी, हाँ । आईबीए द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, बैंक निर्यातकों को भारतीय रुपये और विदेशी मुद्रा में निर्यात क्रेडिट प्रदान करते हैं । निर्यातकों को पोत लदान पूर्व और पश्च लदान निर्यात क्रेडिट भी उपलब्ध हैं ।

(घ) जी, नहीं ।